# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
## सामान्य अध्ययन
## मुख्य परीक्षा-2014 ( प्रथम प्रश्न-पत्र )

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**( खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150 )**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है। प्रत्येक खण्ड हेतु पृथक उत्तर-पुस्तिका प्रदान की गई है।
  1. प्रत्येक खण्ड में कुल कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
  2. प्रश्नों के उत्तर सभी माध्यम से लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
  3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक आथवा दो पंक्तियों में देना है।
  4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
  5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

### खण्ड-अ

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक या दो पंक्तियों में लिखिए- (15 x 3 = 45)**

(A) संस्कार
(B) जैन धर्म का सिद्धांत
(C) मेगस्थनीज
(D) अजंता की गुफाएँ
(E) रजिया
(F) तुलसीदास
(G) रूसो
(H) तुष्टीकरण की नीति
(I) प्लासी का युद्ध
(J) ए.ओ. ह्यूम
(K) हड़प का सिद्धांत
(L) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट
(M) काकोरी काण्ड
(N) भारत छोड़ो आंदोलन
(O) माखनलाल चतुर्वेदी

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों में लिखिए- (10 x 6 = 60)**

(A) यूरोप में हुए पुनर्जागरण से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख कारण बताइए।
(B) फ्रांस की क्रांति (1789) के प्रमुख सामाजिक कारण बताइए।
(C) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए।
(D) बलवन के राजस्व सिद्धांत का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
(E) लॉर्ड विलियम बेंटिंक के सामाजिक सुधारों का वर्णन कीजिए।
(F) बौद्ध धर्म की लोकप्रियता के कारण बताइए।
(G) मुगलकाल में निर्मित प्रमुख भवनों का उल्लेख कीजिए।
(H) नूरजहाँ पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
(I) अवंतीबाई के विषय में आप क्या जानते हैं? संक्षेप में लिखिए।
(J) भारत की स्वतंत्रता में सहायक तत्वों का वर्णन कीजिए।
(K) माण्डू के भवनों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
(L) भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए (3 x 15 = 45)**

(A) 'औद्योगिक क्रांति' से आप क्या समझते हैं? इसके परिणामों पर प्रकाश डालिए।

(B) अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए क्या तरीके अपनाए? विस्तार से व्याख्या कीजिए।

(C) 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के कारणों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

(D) मध्य प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटन स्थल पर प्रकाश डालिए।

**खण्ड-ब**

1. प्रश्न क्रमांक 01 में कुल 15 अत्यन्त लघु स्वरूप के प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना होगा। सभी प्रश्न A से O तक अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। यह प्रश्न कुल 15 x 3 = 45 अंकों का है।
2. प्रश्न क्रमांक 02 में कुल 15 लघु स्वरूप प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों में देना है। कुल 10 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है। यह प्रश्न कुल 10 x 6 = 60 अंकों का है।
3. प्रश्न क्रमांक 03 में कुल पाँच प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में होना चाहिए। कुल 03 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। इस प्रकार यह प्रश्न कुल 3 x 15 = 45 अंकों का है।

(A) 'खादर क्षेत्र' को परिभाषित कीजिए।

(B) 'मध्य भारत पठार' की भौगोलिक स्थिति का वितरण करें।

(C) सोन नदी का उद्गम स्थल क्या हैं?

(D) दरार घाटी को परिभाषित करें।

(E) 'शहर फैलाव' को परिभाषित करें।

(F) यूएनडीपी (UNDP) द्वारा दिए गए 'मानव विकास सूचकांक' के घटकों को चिह्नित करें।

(G) शस्य गहनता को परिभाषित करें।

(H) बताएँ कि कुज्नेतस्क किस आर्थिक क्रिया के लिए मशहूर है।

(I) गहन वन को परिभाषित करें।

(J) भारत में सोयाबीन के मुख्य उत्पादक राज्यों को बताएँ।

(K) अपसौर व उपसौर का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(L) आरोही व अवरोही पवनों का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(M) भारत के किस भौगोलिक क्षेत्र में भील अनुसूचित जनजाति रहती है।

(N) 'आवरण अपक्षरण' को परिभाषित करें।

(O) विपत्ति व आपदा का अन्तर स्पष्ट करें।

2. (A) भारतीय द्वीपों की भौगोलिक विशेषताओं का विवरण कीजिए।

(B) जेट स्ट्रीम व एल निनो का मानसून के संदर्भ में विवेचन कीजिए।

(C) मध्य प्रदेश के कोयला संचित राशि का संक्षेप में विवरण कीजिए।

(D) मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास का वर्णन कीजिए। विशेषकर कृषि आधारित उद्योगों का।

(E) भारत में लिंग अनुपात के क्षेत्रीय प्रतिरूप का विवेचन कीजिए एवं हिन्दी क्षेत्रों में कम लिंग अनुपात के कारणों की व्याख्या करें।

(F) बघेलखण्ड क्षेत्र के उच्चावच तथा स्थलाकृति (धरातल) का वर्णन करें।

(G) दण्डकारण्य क्षेत्र के खनिज बहुल क्षेत्रों की चर्चा करें।

(H) रायलसीमा क्षेत्र के धरातल का वर्णन करें।

(I) मेघालय-मिकिर क्षेत्र के धरातल की चर्चा करें।

(J) मींडो (चरागाहीय) मृदा की विशेषताओं तथा उसके बनने की प्रक्रिया की विवेचना कीजिए।

(K) ह्रास दर और रुद्धोष्म दर का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(L) कर्नाटक के पठार में मिलने वाली खनिज सम्पदा का वर्णन करें।

(M) नर्मदा घाटी योजना का विवेचन कीजिए।

(N) मध्य प्रदेश की नई वन नीति (2005) का विवेचन कीजिए।

(O) केरल राज्य की प्राकृतिक पारिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

3. (A) मध्य प्रदेश राज्य को कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभाजित कीजिए तथा उनके बारे में विस्तार से चर्चा करें।

(B) मध्य प्रदेश राज्य के प्रमुख नगरों के चारों ओर पनपने वाले औद्योगिक क्षेत्रों की विस्तृत चर्चा करें।

(C) राष्ट्रीय शासकीय समिति तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में चिह्नित कार्यों तथा शक्तियों का वर्णन कीजिए।

(D) भारत की जनसंख्या नीति, 2000 का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

(E) भारत में नदियों के अन्तःजुड़ाव की अवधारणा क्या है? प्रमुख प्रस्तावित अन्तःजुड़ाव परियोजनाओं का परिचय दें।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

### मुख्य परीक्षा-2014 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**(खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है। प्रत्येक खण्ड हेतु पृथक उत्तर-पुस्तिका प्रदान की गई है।

1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
2. प्रश्नों के उत्तर सभी माध्यम से लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

**खण्ड-अ**

**1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में दीजिए- (15 x 3 = 45)**

(A) संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार कौन थे?
(B) भारतीय संविधान के अन्तर्गत ''राज्यों के संघ'' वाक्यांश से क्या अभिप्राय है?
(C) किस संविधान संशोधन द्वारा संविधान की प्रस्तावना में संशोधन किया गया था?
(D) संविधान सभा में महिला सदस्यों की संख्या कितनी थी?
(E) भारतीय संविधान निर्माताओं ने ''विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया'' के सिद्धांत को किस देश के संविधान से लिया था?
(F) संविधान की किस अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा व मिजोरम राज्यों के जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में प्रावधान है?
(G) किस मौलिक अधिकार को आपातकाल में भी समाप्त या सीमित नहीं किया जा सकता है?
(H) संविधान के अनुच्छेद-43 में क्या व्यवस्था की गई हैं?
(I) मंत्रिपरिषद तथा मंत्रिमंडल में क्या अंतर है?
(J) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 312 में क्या प्रावधान किया गया है?
(K) ''सर्वोच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय है।'' स्पष्ट करें
(L) राज्यों के विधान मंडल की विधान परिषद (द्वितीय सदन) में राज्यपाल को कुल कितने सदस्यों को नामजद करने का अधिकार है?
(M) संविधान के 92वें संविधान संशोधन द्वारा क्या प्रावधान किया गया है?
(N) शून्यकाल से क्या तात्पर्य है?
(O) 'राज्यपाल शासन' से क्या अभिप्राय है?

**2. निम्नलिखित दस विषयों पर लगभग 100 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए- (10 x 6 = 60)**

(A) भारतीय संविधान के संघीय तत्व।
(B) मौलिक अधिकार एवं राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में अंतर।
(C) भारत और अमेरिका के संविधान में, उपराष्ट्रपति के पद के संबंध में भिन्नता।
(D) क्या भारतीय मीडिया का लोक स्वतंत्रता का संरक्षण कहा जा सकता है?
(E) राष्ट्रीय मानव अधिकार अयोग की उपयोगिता।
(F) न्यायिक निष्क्रियता तथा न्यायिक सक्रियता के मध्य अंतर।
(G) घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के प्रमुख प्रावधान।
(H) ''क्या शनैः शनैः भारत द्वि-दलीय प्रणाली की ओर बढ़ रहा है?''

**अथवा**

''क्या भारत के केंद्रीय स्तर पर गठबंधन सरकार के दिन समाप्त हो गए है?''

(I) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए विभिन्न निर्णयों की सहायता से संविधान के मूलभूत ढाँचे पर टिप्पणी।

**अथवा**

राज्य स्तर पर न्याय व्यवस्था।

(J) ''क्या निर्वाचन अयोग निष्पक्ष और स्वतंत्र संस्था है?''

**अथवा**

''जो सबसे आगे वही जीते।''

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 300 शब्दों में लिखिए- (15 x 3 = 45)**

(A) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**अथवा**

लोक सभा व राज्य सभा की शक्तियों की तुलना कीजिए।

(B) 44वें संविधान संशोधन द्वारा आपात्कालीन प्रावधानों में क्या परिवर्तन किए गए? व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

भारत में लोकतंत्र की कार्यप्रणाली का विश्लेषण कीजिए।

(C) सर्वोच्च न्यायालय के परामर्शदात्री का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

''केंद्र-राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन निश्चित ही केंद्र की ओर झुका हुआ है।'' स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड-ब**

1. **निम्नलिखित के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दे- (15 x 3 = 45)**

(A) डब्ल्यूएचओ
(B) कुपोषण
(C) संतुलित आहार
(D) मृत्यु-दर
(E) यूजीसी
(F) वृद्धाश्रम
(G) राज्य सेवाएँ
(H) लोक व्यय
(I) यूएनओ
(J) आईएमएफ
(K) सार्क
(H) डब्ल्यूटीओ
(M) निरोधात्मक स्वास्थ्य
(N) एड्स
(O) मध्य प्रदेश में जन्म-दर

2. **निम्नलिखित के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दे- (10 x 6 = 60)**

(A) मध्य प्रदेश में शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम

**अथवा**

मध्य प्रदेश में महिलाओं का उपचारात्मक स्वास्थ्य कार्यक्रम।

(B) ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएँ।

**अथवा**

ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों की उपलब्धता।

(C) सहयोगी चिकित्सा।

**अथवा**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

(D) संक्रामक बीमारियाँ एवं उनके उपचार।

**अथवा**

पारिवारिक स्वास्थ्य

(E) जन्म-मृत्यु संमक।

**अथवा**

जैव-तकनीकी।

(F) भारत में मानव संसाधन विकास।

**अथवा**

भारत में तकनीकी शिक्षा

(G) संघ लोक सेवा आयोग की भूमिका

**अथवा**

मध्य प्रदेश में प्रशिक्षण संस्थायें।

(H) यूएनडीपी का उद्देश्य।

**अथवा**

यूनेस्को की भूमिका

(I) एशियाई विकास बैंक के कार्य

**अथवा**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और भारत

(J) भारत पर विश्व व्यापार संगठन का प्रभाव।

**अथवा**

सार्क में भारत की स्थिति।

3. **निम्नलिखित के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दें- (3 x 15 = 45)**

(A) मध्य प्रदेश में महिलाओं के संदर्भ में स्वास्थ्य सेवाओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश में शिशु स्वास्थ्य की समस्याओं का वर्णन कीजिए।

(B) विश्व स्वास्थ्य संगठन के उद्देश्यों एवं कार्यो का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में वृद्धजनों हेतु कल्याणकारी कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिए।

(C) दक्षिण एशिया में सार्क की भूमिका एवं महत्व का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में मानव संसाधन विकास पर एक निबंध लिखिए।

GS World

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2014 ( तृतीय प्रश्न-पत्र )

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**( खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150 )**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है। प्रत्येक खण्ड हेतु पृथक उत्तर-पुस्तिका प्रदान की गई है।

1. प्रत्येक खण्ड में कुल कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
2. प्रश्नों के उत्तर सभी माध्यम से लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे। परीक्षा में सामान्य कैलकुलेटर ही उपयोग में लिया जा सकता है, साइन्टिफिक नहीं।
3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

### खण्ड-अ

**1. निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिए- (15 x 3 = 45)**

(A) अंकीय हस्ताक्षर
(B) पेटेंट
(C) ऑप्टिकल फाइबर
(D) कम्प्यूटर वायरस
(E) कार्बन फुटप्रिंट्स
(F) नैनो रोबोट्स
(G) पिन-कोड प्रणाली
(H) $(264)^{102} + (264)^{103}$ में इकाई का अंक
(I) 'ALLAHABAD' शब्द के अक्षरों से अलग-अलग बनने वाले शब्दों की संख्या
(J) अम्ल वर्षा
(K) जीनोम
(L) लाइकेन
(M) प्रदूषण से संबंधित यूरो मानक
(N) समस्थानिक
(O) जंग (मोरचा) लगना

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए- (10 x 6 = 60)**

(A) ई-गवर्नेंस का क्या तात्पर्य है?
(B) डीएनए फिंगर-प्रिटिंग क्या होती है?
(C) ब्लूटूथ तकनीक का क्या तात्पर्य है?
(D) वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में सीएसआईआर (CSIR) का उद्देश्य क्या है?
(E) सुदूर संवेदी तकनीक क्या है और यह किस प्रकार कार्य करती है?
(F) पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत द्वारा दिए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।
(G) 'ट्रिप्स' समझौता क्या है?
(H) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के उद्देश्यों को संक्षिप्त में वर्णित कीजिए।
(I) जंतुओं और पौधों की कोशिका की संरचना के बारे में संक्षिप्त में लिखिए।
(J) रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल का संक्षिप्त में वर्णन करें।
(L) एक मैदान की लम्बाई 50 मीटर तथा चौड़ाई 50 मीटर है। उसके चारों ओर एक 6 मीटर चौड़ा रास्ता है। रास्ते को पूरी तरह से पत्थरों से ढकना है। यदि पत्थर की लम्बाई और चौड़ाई दोनों 80 सेमी हो तो रास्ते को ढ़कने के लिए कितने पत्थर चाहिए?
(M) एक दुकानदार ने 11 संतरे ₹ 10 में खरीदे तथा 10 संतरे ₹ 11 में बेच दिए। उसका प्रतिशत लाभ निकालिए।


3. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए- (3 x 15 = 45)**

(A) भारत में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

(B) ऊर्जा उत्पादन की नई उभरती प्रौद्योगिकियों पर विस्तार से वर्णन कीजिए।

(C) 2 आदमी तथा 7 लड़के किसी काम को 14 दिन में करते हैं जबकि 3 आदमी तथा 8 लड़के उसी काम को 11 दिन में करते हैं। बताइये कि 8 आदमी तथा 6 लड़के उस काम से तिगुने काम को कितने दिन में पूरा कर लेंगे?

(D) नीचे दिए गए पाई-चार्ट में 45000 विद्यार्थियों की कुल संख्या का विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में वितरण दिया गया है तथा नीचे दी गई तालिका में विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में लड़कियों का प्रतिशत दिया गया है। इसका अध्ययन कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए-




| क्षेत्र | लड़कियों की प्रतिशतता |
|---|---|
| चकित्सा विज्ञान | 49% |
| इंजीनियरिंग | 16% |
| जीव विज्ञान | 36% |
| कम्प्यूटर साइंस | 50% |
| रसायन शास्त्र | 19% |

1. इंजीनियरिंग के क्षेत्र में लड़कों की संख्या का सभी लड़कों की कुल संख्या से अनुपात क्या है?
2. चिकित्सा विज्ञान में लड़कों की कुल संख्या तथा जीव विज्ञान में लड़कों की कुल संख्या में कितना अंतर है?
3. इंजीनियरिंग के क्षेत्र में लड़कों की कुल संख्या तथा इसी क्षेत्र में लड़कियों की संख्या का अनुपात कितना है?
4. रसायनशास्त्र में लड़कियों की संख्या विद्यार्थियों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है?
5. विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में लड़कियों की कुल संख्या, विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में लड़कों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है?

(E) जैव-विविधता क्या है? इसके महत्व को समझाइये। इसके विलुप्त होने के कारण तथा संरक्षण के उपायों का वर्णन कीजिए।

## खण्ड-ब

1. **निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिए- (15 x 3 = 45)**

(A) मुद्रा का अवमूल्यन क्या है?

(B) निजीकरण एवं उदारीकरण में विभेद कीजिये।

(C) लोक वितरण तंत्र के प्रमुख उद्देश्य क्या है?

(D) खाद्य सुरक्षा का प्रत्यय क्या होता है?

(E) परस्पर निधि का प्रमुख कार्य क्या है?

(F) राजस्व घाटा किस प्रकार निश्चित होता है?

(G) व्यष्टि वित्त पोषण क्या है?

(H) नगद अर्थ साहाय्य होता है।

(I) मूल्य वृद्धि कर किस प्रकार लगाया जाता है?

(J) खुदरा बैंकिंग में क्या शामिल होता है?

(K) विकसित देशों में बेरोजगारी के प्रत्यय को बताइये।

(L) भारत में कौन-कौन से गैर-वाणिज्यिक ऊर्जा संसाधन हैं?

(M) अल्पकालीन सहकारी उधार-प्रदान करने में कौन-कौन से अभिकरण शामिल है?

(N) गृह वित्त क्षेत्र में ही कार्यरत कौन-कौन से अभिकरण हैं?

(O) केंद्र सरकार अपने बजट में सामाजिक क्षेत्र के किन मदों पर सामान्यता व्यय करती है?

2. **निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए- (10 x 6 = 60)**

(A) भारत में राष्ट्रीय आय अनुमान की सीमाओं को बताइये।

**अथवा**

विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारभूत विशेषताएं क्या हैं?

(B) मानव विकास सूचक की गणना किस प्रकार होती है?

**अथवा**

भारत में यातायात विकास की बड़ी समस्यायें कौन-सी है?

(C) मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सड़क यातायात के महत्व को बताइये।

**अथवा**

मध्य प्रदेश में हवाई यातायात के विकास पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(D) आर्थिक विकास का पी.यू.आर.ए. प्रतिरूप क्या है?

**अथवा**

भारत में निजीकरण के क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

(E) भारत में वैश्वीकरण का प्रभाव क्या है?

**अथवा**

ग्रामीण रहवासियों में गरीबी के प्रभाव पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(F) भारत में रोजगार की गुणवत्ता के मुद्दे की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

प्रतियोगिता अधिनियम, 2002 के प्रमुख प्रावधानों को बताइये।

(G) मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को बताइये।

**अथवा**

मध्य प्रदेश में मध्याह्नभोज कार्यक्रम पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(H) ग्रामीण साख के लिए वाणिज्यिक बैंकों के योगदान को बताइये।

**अथवा**

जमा एकत्रीकरण के संबंध में वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनव प्रयासों का संक्षिप्त उल्लेख करिये।

(I) मध्य प्रदेश में मुद्रा बाजार की वर्तमान स्थिति को बताइये।

**अथवा**

भारतीय स्टॉक विनियामक में व्यापार में प्रमुख कमियों को बताइये

(J) भारतीय इकाई न्यास की कार्यविधि पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

1991 के आर्थिक सुधारों के पश्चात भारत के सार्वजनिक ऋण की स्थिति बताइयें।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए- (3 x 15 = 45)**

(A) भारत में खाद्य सुरक्षा एवं अतिरेक भण्डार के मुद्दों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

भारत में क्षेत्रीय असमानताएँ एवं प्रवसन पर एक निबंध लिखिए।

(B) भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान प्रवृत्तियों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। इस संबंध में अपने सुझावों को भी बताइये।

**अथवा**

कृषि क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अर्थ साहाय्य से संबंधित क्या परेशानियाँ हैं?

(C) ''महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम'' का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें।

**अथवा**

भारत में बेरोजगारी की समस्या की विवेचना कीजिए। किस सीमा पर, हाल ही में घोषित कौशल विकास की राष्ट्रीय नीति, 2015 बेरोजगारी की समस्या का समाधान कर सकती है।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2014 (चतुर्थ प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 03 प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
4. प्रथम प्रश्न लघु-उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 150 है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसक पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखे तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की तथ्यात्मक तथा मुद्रण त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।

**1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु-उत्तरीय प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए। (3 x 15 = 45)**

(A) लोक प्रशासन में नैतिक मूल्यों का क्या स्थान है?

(B) नैतिक मार्गदर्शक रूप में 'अंतरात्मा' को समझाइए।

(C) बौद्ध-दर्शन के चार आर्यसत्य कौन-कौन से हैं?

(D) 'द रिपब्लिक' के रचयिता कौन हैं?

(E) कौटिल्य के प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम क्या है?

(F) 'आर्य-समाज' के संस्थापक कौन हैं?

(G) गांधीजी के मतानुसार 'सत्याग्रह' का क्या अर्थ हैं?

(H) पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी के अनुसार 'एकात्म-मानववाद' का क्या अर्थ हैं?

(I) 'मनोवृत्ति' का अर्थ समझाइए।

(J) 'प्रबोधक संप्रेक्षण' से क्या तात्पर्य है?

(K) 'लोक-सेवा के प्रति समर्पण की धारणा' को स्पष्ट कीजिए।

(L) सहिष्णुता एवं अशक्त वर्गों के प्रति संवेदना का क्या अर्थ है?

(M) प्रशासन में 'सांवेगिक बुद्धि' का क्या स्थान है?

(N) भ्रष्टाचार के प्रमुख प्रभावों (परिणामों) की विवेचना कीजिए।

(O) 'विसल-ब्लोअर' की भूमिका से क्या आशय है?

**2. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न पर लगभग 150 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए- (15 x 6 = 90)**

A. (a) 'उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता'

**अथवा**

लोक सेवकों हेतु आचरण संहिता।

(b) संत कबीर के मानवीय दृष्टिकोण की प्रासंगिकता।

**अथवा**

तुलसीदासजी के काव्य में सामाजिक चेतना।

(c) भारतीय समाज के उत्थान में स्वामी विवेकानंद का योगदान।

**अथवा**

रवींद्रनाथ टैगोर का मानवधर्म।

(d) डॉ. भीमराव अंम्बेडकर का सामाजिक चिंतन।

**अथवा**

मनोवृत्तियों में परिवर्तन को समझाइए।

(e) पूर्वाग्रह का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लोक सेवा हेतु आधारभूत योग्यताओं और मूल्यों का परीक्षण करें।

B. (a) निष्पक्षता एवं असमर्थवादी वस्तुनिष्ठता समझाइए।

(b) प्रशासन में सांवेगिक बुद्धि की उपयोगिता एवं अनुप्रयोग।

(c) भ्रष्टाचार के कारणों की विवेचना कीजिए।

(d) लोक जीवन में 'भ्रष्टाचार' से क्या आशय है?

(e) भ्रष्टाचार को अल्पतम करने के उपाय।

C. (a) जैन-दर्शन के पाँच महाव्रत कौन-कौन से हैं?

(b) राजा राममोहन राय के भारतीय समाज सुधार में योगदान।

(c) सामाजिक जीवन में नैतिक मूल्यों के पालन में योगदान।

(d) श्री अरविंदजी का भारतीय आधुनिक तत्व चिंतन को योगदान।

(e) गुरू नानकजी का दर्शन।

3. **पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषयवस्तु पर आधारित प्रकरण–**

(A) **प्रथम प्रकरण : (10 x 3 = 30)**

**विषय : लोकपाल और लोकायुक्त एक्ट–2013**

भारतीय नागरिकों की समस्या और शिकायतों को हल करने के लिए 'एडमिनिस्ट्रेटिव रिफोर्म कमीशन (एआरसी)' की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए बहुत लंबे चर्चा–विचारण के बाद भारतीय संसद में 'लोकपाल' और 'लोकायुक्त' बिल, 2013 में पास किया।

यह एक्ट 'भ्रष्टाचार विरोधी एक्ट' के रूप में जाना जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य राजनेताओं और प्रशासन में विद्यमान अधिकारियों के भ्रष्टाचार के अरोपों के विषय में जाँच करना है। 'इन्कम टैक्स विभाग' (आयकर विभाग) और 'भ्रष्टाचार विरोधी संस्था' के साथ मिलकर 'लोकायुक्त' राजनेताओं का और प्रशासकीय अधिकारियों का भ्रष्टाचार प्रकाश में लाने के लिए जनता का मदद रूप बनता है।

इस एक्ट के कारण कुछ नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को सजा मिल चुकी है। कुछ भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहें हैं।

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(a) क्यों एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म कमीशन ने इन दो संस्थाओं की स्थापना के लिए सिफारिश की?

(b) क्या भारतीय प्रशासन प्रणाली में पारदर्शिता का न होना भ्रष्टाचार के लिए उत्तरदायी है?

(c) क्या राजकीय और प्रशासकीय स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकने में लोकायुक्त सफल हो सकता है?

**(B) प्रकरण द्वितीय (5 x 7 = 35)**

**विषय : 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला**

2जी स्पेक्ट्रम घोटाला दूरसंचारों का घोटाला है। यह राजकीय घोटाला है। जिसमें अनेक राजनेता और प्रशासकीय अधिकारी समाविष्ट हैं। यह घोटाला 2008 में शुरू हुआ, जब नौ दूरसंचार कंपनियों को स्कोर्स स्पेक्ट्रम और लाइसेंस दिया गया।

इस घोटाले में निम्न प्रदर्शित विषय सामने आये है–

(a) 2008 में प्राइवेट टेलिकॉम कंपनियों को बहुत ही सस्ते में 2जी लाइसेंस दिए गए हैं।

(b) (i) इस घोटाले में सरकार को ₹ 1.76 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है।

(ii) सीबीआई चार्जशीट (2 अप्रैल, 2011) के अनुसार सरकार को ₹ 309845.5 मिलियन का नुकसान हुआ है।

(c) लाइसेंस मंजूर करते समय नियम और पद्धति को नजरअंदाज किया गया है।

(d) जिन कंपनियों को दूरसंचार का पूर्व अनुभव ही नहीं है, उनको भी लाइसेंस दिया गया है।

(e) लाइसेंस देने में पक्षपात किया गया हैं

**उक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(a) भारत में इस तरह के घोटालों का मूलभूत कारण क्या है?

(b) क्यों सरकार इस तरह के घोटालों को नियंत्रित करने में असमर्थ है?

(c) इस तरह के प्रकरणों में 'विसल–ब्लोअर' की क्या भूमिका है?

(d) इस तरह के नुकसान कौन भरेगा?

(e) इस तरह के घोटालों के नियंत्रण में जनता और प्रसार माध्यम की क्या भूमिका हो सकती है?

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य हिन्दी
## मुख्य परीक्षा-2014 (पाँचवां प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न है।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।

**निर्देश :** सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं।

**1. इन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में (एक या दो पंक्तियों में) दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 03 अंकों का है। (20 x 3 = 60)**

(A) चौदह सितंबर क्यों महत्वपूर्ण है?
(B) राजभाषा परिनियमावली के अनुसार 'ख' क्षेत्र के राज्य कौन-कौन है?
(C) हिन्दी किस लिपि में लिखी जाती है। कृपया नाम लीखिए।
(D) हिन्दी की तीन मुख्य जनपदीय विभाषाओं के नाम लिखिए।
(E) हिन्दी की सबसे पुरानी जीवित साहित्यिक पत्रिका का नाम एवं उसके प्रकाशन स्थल का नाम लिखिए।
(F) 'एक भारतीय आत्मा' के काव्य का मुख्य प्रतिपाद्य बताइए।
(G) मलिक मुहम्मद जायसी की प्रमुख रचना का नाम, उनकी भाषा और लिपि का भी नाम लिखिए।
(H) 'द्विभाषी नीति' का आशय स्पष्ट कीजिए।
(I) राजभाषा आयोग का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
(J) कबीर की तीन काव्य शैलियों का उल्लेख कीजिए।
(K) पृष्ठांकन किसे कहते हैं?
(L) 'पारिभाषिक' शब्द से क्या तात्पर्य है?
(M) 'मुहावरा' और 'कहावत' का अन्तर बताइए।
(N) देशज शब्द किसे कहते हैं?
(O) शासकीय और अर्द्ध-शासकीय पत्रों में क्या अन्तर होता है?
(P) 'देवनागरी' लिपि में लिखी जाने वाली तीन भारतीय भाषाओं के नाम बताइए।
(Q) 'खड़ी बोली' के पहले (पूर्व में) प्रचलित हिन्दी कविता की भाषा का नाम बताइए।
(R) 'परहित सरिस धरम नहिं भाई' किस कवि की पंक्ति है?
(S) हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखने वाले प्रारंभिक 3 लेखकों के नाम बताइए।
(T) भारतवंशी बहुल विदेशों के तीन हिन्दी लेखकों के नाम बताइए।

**2. निम्नलिखित गद्यावतरण का हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद कीजिए : (20)**

प्राचीन भारतीय संस्कृति की मूल्यवान धरोहर हमें गौरवान्वित करने वाली है। औपनिवेशिक मानसिकता के कतिपय विदेशियों ने इसे विकृत करने का प्रयास किया। इससे प्रभावित कुछ भारतीय विद्वानों ने भी आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की हैं। आज हमें इसे समझकर सुधारना चाहिए। अनेक महापुरूषों ने भिन्न प्रकार से अपने विचारों को व्यक्ति किया है, क्योंकि यहाँ अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता सबको रही है। भिन्नताओं के बावजूद उनके विचारों में, भावों में पर्याप्त समानता भी है। यह देश मूलत: पंथनिरपेक्ष रहा है। यहाँ सबको समान अवसर सहज ही प्राप्त रहा है। हमें इस महान परंपरा का निर्वाह करना होगा ताकि किसी भी प्रकार से विघटनकारी तत्व प्रभावी न होने पायें। भारत को समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे ताकि सबको विकास के समान अवसर मिल सकें।

**3. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यावतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (15)**

We know that the language which can replace English in India, is Hindi or Hindustani as some perfer to call. It has more or less been admitted by a considerable section of Indian people. Though it has been recognized as the national language of India, but it is incomprehensible why a time bound decision is not being taken by Government, unless it is done, replacement does not seem be feasible.

**OR**

We often think that national loss we have suffered in having left buried and undiscovered that mass of talant in some cases amounting to genius, which is resident in the souls of boys and girls, who by accident of birth, have been debarred from the chance of rising to these things, but if the universities send forth their teachers, not to give occasional lectures, but to set up regular classes and courses, such as might operate in the local centres, where the people could come in the evening, after their work to study.

4. **निम्नलिखित गद्यावतरण का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए तथा रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या अपने शब्दों में कीजिए। (15)**

साहित्य सर्वहित भाव है। वह सबके सहित है। रहित का भाव राहित्य होता है, साहित्य नहीं। इसमें हित अथवा लोक-कल्याण सर्वोपरि होता है, किन्तु स्वहित नहीं, बल्कि जनहित। यदि साहित्य-सृजन के केंद्र में स्वहित है तो वह आत्मबद्ध, आत्ममुग्ध एवं आत्मकेंद्रित होगा। वह आत्मनेपदी साहित्य सर्वसाधारण की सामूहिक संचेतना का संवाहक नहीं हो सकता। जिन समष्टिचेता सर्जकों के अन्तःकरण में अहम् इदम् का भेद विगलित हो गया है, वे स्वानुभूति की जगह सहानुभूति को स्वर देते हैं। वहाँ रचयिता तो निमित मात्र होता है, केवल माध्यम या भाववाहक मात्र। उसकी भाव संपदा लोक से गृहीत होती है और लोक ही उसका परम प्रतिपाद्य होता है। व्यक्तिवादी विचारधारा अहंताबोध से प्रेरित होती है। उस मनोभूमि पर संस्थित रचनाकार अपना संपूर्ण विसर्जन तथा विलयन नहीं कर पाता। वह व्यक्ति वैचित्र्यवाद का अहेर हो जाता है तथा किसी विराट सत्य का साक्षात्कार नहीं कर पाता। इस विश्व प्रपंच में व्यक्ति की दृप्ता बहुत परिमित है। रचनाकार का एक-एक परमाणु समष्टिगत सत्ता से परिगठित होता है और उस समष्टिबोध में परिणत होकर वह उसी में निःशेष हो जाता है।

**अथवा**

भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं होती, स्वयं में समेकित संस्कृति होती है। इसे विभिन्न ध्वनिस्फोटों की प्रतीकार्थवाहिका कहा जा सकता है। हमारे वर्णाक्षर, शब्द-भण्डार, उच्चारण, मुहावरे, अर्थबोध आदि न्यूनाधिक उस प्रकृति और परंपरा से सम्बद्ध होते हैं, जो हमें दाय के रूप में उपलब्ध है। इसे निरंतर संस्कारवती गिरा के रूप में संवर्द्धित करना हमारा प्रयोजन होना चाहिए। संप्रति हम अनचाहे अनजाने भाषिक प्रमाद से ग्रस्त हो गए हैं। इससे न केवल हमारा संप्रेषण प्रभावित हो रहा है, बल्कि आचरण प्रदूषित होता जा रहा है। भारतीय संस्कृति में भाषा का नाद-योग कहा गया है। शुद्धभाषिक प्रयोग का फलियार्थ है- शब्द ब्रह्म की समाराधना। इस कार्य में त्वरा और स्नावयिक उत्तेजना अभीष्ट नहीं है। यह सुविचारित प्रक्रिया है, क्योंकि यह परस्मैपदी है। यद्यपि साधना की प्रक्रिया में मौन की भाषा की भी बड़ी महत्ता है, बशर्ते उसकी पृष्ठभूमि में कोई पवित्र प्रत्यय हो। इस प्रकार की दिव्यवाणी अनाहतनाद बन जाती है। उसी से भविष्य में भाषित संस्कृति का विकास संभावित है।

5. टिप्पण लेखन और पृष्ठांकन का अन्तर स्पष्ट करते हुए नमूने के रूप में दोनों के प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। (15)

**अथवा**

प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा जारी की जाने वाली इस अधिसूचना का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए कि आगामी माह की पहली तारीख से राज्य सरकार के सभी कार्य राजभाषा हिन्दी में ही होंगे।

6. **निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Annexure | (ii) | Caution money |
| (iii) | Corrigendum | (iv) | Ipso facto |
| (v) | Derogatory | (vi) | Embezzlement |
| (vii) | Gratuity | (viii) | Impeachment |
| (ix) | Paradox | (x) | Subsequent |

**अथवा**

**निम्नलिखित शब्दों से किन्हीं पाँच के पारिभाषिक शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अग्रदाय | (ii) | प्रतिनियुक्ति |
| (iii) | उपबंध | (iv) | आवंटन |
| (v) | सतर्कता | (vi) | स्थानापन्न |
| (vii) | अभिविन्यास | (viii) | सारवृत्त |
| (ix) | अधिदेश | (x) | यथानुपात |

7. **निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पाँच का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए- (15 x 3 = 45)**

(i) गुण न शऊर देवता पूजें जरूर
(ii) एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा
(iii) हाथ के तोते उड़ना
(iv) तिरिया तेल हमीर हठ चढ़ै न दूजी बार
(v) हस्तामलकवत होना
(vi) सब्जबाग दिखाना
(vii) हाथी के पाँव में सबका पाँव
(viii) हाथ कंगन को आरसी क्या
(ix) साँप छछूँदर की गति
(x) तबेले की बला बंदर के सिर

8. **निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर कीजिए- (5 x 3 = 15)**

(i) 'साधु + उपदेश' की संधि कीजिए।
(ii) 'तदनन्तर' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।
(iii) 'पानीपत' शब्द का तत्सम रूप बताइए।
(iv) 'श्मश्रु' शब्द का तद्भव शब्द बताइए।
(v) 'संभावना' और 'आंशका' के प्रयोग और अर्थ का अन्तर स्पष्ट कीजिए।
(vi) 'शिकारी' शब्द का विलोम कीजिए।
(vii) 'लघिमा' शब्द का विलोम कीजिए।
(viii) 'हंस पद' विराम चिह्न का स्वरूप अंकित करते हुए बताइए कि इसका प्रयोग क्यों होता है?
(ix) 'वज्रपाणि' में कौन-सा समास है?
(x) 'भक्ति' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय बताइए।

9. **'राजभाषा के रूप में हिन्दी का महत्व' अथवा 'बेरोजगारी की समस्या : कारण और निवारण' विषय पर लगभग 600 शब्दों में एक निबंध लिखिए। (15)**

10. **शीघ्र ही सम्पन्न हुए किसी विश्व सम्मेलन का संक्षिप्त प्रतिवेदन, जिसमें उसकी उपलब्धियों और सीमाओं का भी जिक्र हो, प्रकाशनार्थ प्रस्तुत कीजिए। (15)**

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## निबंध एवं अपठित गद्यांश

## मुख्य परीक्षा-2014 (छठां प्रश्न-पत्र)

**प्रश्न-पत्र में तीन खंड होंगे**

**प्रथम खण्ड**

**(अपठित गद्यांश)**

1. **(अ) प्रस्तुत अवतरण के आधार पर दिए गए क्रमांक 01 से 05 प्रश्नों के उत्तर कीजिए।** (5x 2 = 10)

**गद्यांश**

हमारी धरती ने बापू को जन्म दिया। किन्तु इस धरती को यह सौभाग्य न हुआ कि जो महापुरूष देश की पराधीनता की बेड़ियाँ काटे और देश की प्रतिष्ठा को संसार में ऊँचा ले जाये, वह अपने द्वारा प्रतिष्ठापित स्वतंत्र राष्ट्र में जीवित रहकर विश्वशांति और विश्वबंधुत्व का अपना स्वप्न पूरा कर सके। महात्मा जी को इससे अच्छी मृत्यु और क्या मिल सकती थी कि मानवता की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राण दिए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखें?

(ख) महात्मा जी ने हमारे लिए क्या किया?

(ग) उनकी मृत्यु कैसे हुई?

(घ) क्या महात्मा जी विश्वशांति और विश्वबंधुत्व का सपना पूरा कर सके?

(ड़) रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए।

**ब) निम्नलिखित अवतरण के आधार पर दिए गए क्रमांक 01 से 05 तक सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5 x 2 = 10)**

साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नई वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और न्यायालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त विद्वद्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रण कला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालयों में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक-एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना महत्व सिद्ध कर चुके थे। प्राचीनकाल से मुगल सम्राटों के समय तक सही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर देशों से झुण्ड के झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें।
2. पुस्तकालयों के कारण भारत को क्या गौरव प्राप्त था?
3. पुराने समय से अधिक व्यय क्यों हो जाता था?
4. साहित्य की उन्नति का सबसे अधिक प्रभावपूर्ण साधन क्या है?
5. पुस्तकालय का प्रारम्भ कब से हुआ? पहले पुस्तकालय किन-किन स्थानों पर हुआ करते थे?

**अथवा**

(अ) प्रस्तुत अवतरण के आधार पर दिये दिए गऐ क्रमांक 01 से 05 तक सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें। चार विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें।

**गद्यांश**

वास्तव में हृदय वही है जो कोमल भावों और स्वदेश प्रेम से ओतप्रोत हो। प्रत्येक देशवासी को अपने वतन से प्रेम होता है, चाहे उसका देश सूखा, गर्म या दलदलों से युक्त हो। देश प्रेम के लिए किसी आकर्षण की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वह तो अपनी भूमि के प्रति मनुष्य मात्र की स्वावभाविक ममता है। मानव ही नहीं, पशु-पक्षियों तक को अपना देश प्यारा होता है। संध्या समय पक्षी अपने नीड़ की ओर उड़े चले जाते हैं। देश प्रेम का अंकुर सभी में विद्यमान है। कुछ लोग समझते हैं कि मातृभूमि के नारे लगाने से ही देश प्रेम व्यक्त होता है। दिन भर वे त्याग, बलिदान और वीरता की कथा सुनाते नहीं थकते, लेकिन परीक्षा की घड़ी आने पर भाग खड़े होते हैं। ऐसे लोग स्वार्थ त्याग कर, जान जोखिम में डालकर देश की सेवा क्या करेंगे? आज ऐसे लोगों की आवश्यकता नहीं है।

(1) देश प्रेम का अंकुर विद्यमान है-

(अ) सभी प्राणियों में

(ब) सभी मानवों में

(स) सभी पक्षियों में

(द) सभी पशुओं में

(2) सच्चा देश प्रेमी-

(अ) वीर सपूतों की कहानियाँ सुनाता है।

(ब) मातृभूमि का जयघोष करता है।

(स) परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरता है।

(द) अपनी भूमि देश के लिए दान कर देना

(3) देश प्रेम का अभिप्राय है–
(अ) देश के प्रति कोमल भावों का निर्माण करना।
(ब) अनथक प्रयत्न करके देश का निर्माण करना।
(स) देश हित के लिए शत्रु से संघर्ष करना।
(द) देश के लिए व्यक्तिगत स्वाभाविक ममत्व।

(4) संध्या समय पक्षी अपने घोंसलों में वापस चले आते हैं क्योंकि–
(अ) दिनभर घूमकर थक जाते हैं।
(ब) उन्हें रात को आराम करना है।
(स) जानवर भी अपने निवास स्थान को चले आते हैं।
(द) उन्हें अपना नीड़ प्यारा होता है।

(5) वही देश महान है जहाँ के लोग–
(अ) शिक्षित और प्रशिक्षित हैं।
(ब) बेरोजगारी और निरूद्यमी नहीं हैं।
(स) कृषि और व्यापार से धनार्जन करते हैं।
(द) त्याग और उपसर्ग में सदा आगे रहते हैं।

**ब ) प्रस्तुत अवतरण के आधार पर दिए गऐ क्रमांक 01 से 05 तक सभी प्रश्नों के उत्तर दें। दिए गऐ चार विकल्पों में सही उत्तर लिखें। (5 x 2 = 10)**

**गद्यांश**

विचार-विनिमय के लिए केवल मनुष्य को ही वाणी का वरदान प्राप्त है। पशु-पक्षी अपने भाव विचार शारीरिक मुद्राओं और संकेतों द्वारा प्रकट करते हैं। वाणी के अनेक रूप हैं जो भाषा या बोली कहलाते हैं। प्राय: सभी स्वतंत्र देशों की अपनी-अपनी भाषाएँ हैं। उनके साथ स्थानीय बोलियाँ भी है, जो भाषा का ही प्रादेशिक रूप हैं। सबसे अधिक सुगम, सरल और स्वाभाविक भाषा मातृभाषा कहलाती है। यह बालक को जन्म-जात संस्कार से मिलती है। अन्य भाषाएँ अर्जित भाषाएँ होती हैं। ये अभ्यास द्वारा सीखी जाती हैं। अपने घर, परिवार, वर्ग, जाति और देश के मध्य विचार-विनिमय के लिए सबसे सरल भाषा मातृभाषा ही है। अपनी मातृभाषा द्वारा जितनी सहजता से भाव व्यक्त किया जा सकता है, वैसा सहज भाषा सामर्थ्य किसी अन्य अर्जित भाषा में नहीं होता। राष्ट्र की एकता और पारस्परिक विचार-विनिमय को सुविधा के लिए राष्ट्रभाषा की आवश्यकता में किसी को भी संदेह नहीं हो सकता। सभी राष्ट्रभाषा को सम्मान देते हैं और व्यवहार में लाते हैं। स्वतंत्र भारत में भी हमें अपने राष्ट्र की भावनाओं को अपनाना चाहिए। राष्ट्रीय गौरव और स्वाभिमान के लिए यह आवश्यक है।

(1) राष्ट्रभाषा को महत्व इस तथ्य में निहित है कि वह–
(अ) राष्ट्र को खंडित करने में सहायक होती है।
(ब) राष्ट्रीय एकता की द्योतक है।
(स) राष्ट्रीय शक्तियों को दृढ़ करती है।
(द) जातीय विकास में सहायक है।

(2) राष्ट्र का गौरव सुरक्षित रह सकता है–
(अ) भाषायी विवादों को प्रश्रय देने से।
(ब) विदेशी भाषाओं को अपनाने से।
(स) स्वभाषाओं को ग्रहण करने से।
(द) राष्ट्र भाषा का विरोध करने से।

(3) भाषा द्वारा भावभिव्यक्ति करने में समर्थ होते हैं–
(अ) चहचहाते पक्षी
(ब) वाणी का वरदान प्राप्त मनुष्य
(स) कलकल बहता पानी
(द) विभिन्न प्रकार के पशु

(4) मातृभाषा वह भाषा रूप है जो–
(अ) सर्वाधिक ग्राह्य, लचीला और स्वाभाविक है।
(ब) कठोर, निरर्थक और दुरूह़ है।
(स) मस्तिष्क का विकास अवरूद्ध करता है।
(द) ज्ञान क्षेत्र को समिति करता है।

(5) मातृभाषा को हमें आवश्यकता होती है, क्योंकि वह–
(अ) धनोपार्जन में सहायक होती है।
(ब) भावाभिव्यक्ति का सहज साधन है।
(स) शारीरिक मुद्राओं और संकेतों का दर्पण है।
(द) ज्ञान क्षेत्र का संकुचल करती है।

**निबंध**

**द्वितीय खण्ड**

**2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिए– ( 30 )**
(अ) वृद्धवस्था की समस्यायें एवं समाधान।
(ब) समाज निर्माण में समाचार-पत्रों की भूमिका।
(स) नारी ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है।
(द) सिनेमा का परिवर्तित स्वरूप।

**तृतीय खण्ड**

**3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 1000 ( एक हजार ) शब्दों में निबंध लिखें- ( 50 )**
(अ) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निवारण।
(ब) विश्व के सर्वश्रेष्ठ कवि तुलसीदास।
(स) महिला सशक्तीकरण : समस्यायें और चुनौतियाँ।
(द) कम्प्यूटर से लाभ और हानियाँ।